मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल

क्र./बोर्ड/लेखा/बी-3/टैली सॉफ्ट./24-25/2663 भोपाल, दिनांक 09/12/2024

प्रति,

सचिव

कृषि उपज मंडी समिति

समस्त .... जिला ....

विषयः- मंडी समिति के वित्तीय लेखों के संबंध में।

—000—

प्रदेश की समस्त मंडी समितियों में वित्तीय वर्ष 2024-25 से आयकर रिटर्न निरंतर फाइल किया जाना है। आयकर रिटर्न फाइल करने के लिये संस्था की बैलेंस शीट तैयार की जाना आवश्यक है, परन्तु अधिकतम मंडी समितियों द्वारा लेखा कार्य टैली सॉफ्टवेयर पर न करते हुए केवल मैन्युअल केश बुक का संधारण किया जा रहा है।

प्रदेश की समस्त 259 मंडी समितियों में वित्तीय व्यवस्था अंतर्गत दैनिक लेखा संधारण कार्य हेतु टैली सॉफ्टवेयर संस्थापन कर समस्त मंडी समितियों में पदस्थ कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया है।

लेखा कार्य का अंतरण मैन्युअल से टैली सॉफ्टवेयर पर व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पादित हो इस हेतु दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में ओपनिंग बैलेंस शीट की आवश्यकता होगी एवं वर्ष 2024-25 का लेखांकन कार्य भी टैली सॉफ्टवेयर पर अद्यतन स्थिति में पूर्ण किया जाना होगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि भंडार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 के अंतर्गत अपने स्तर से चार्टड अकाउंटेंट की सेवाए लेते हुए दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में ओपनिंग बैलेंस शीट तैयार करावें तथा बैलेंस के आधार पर दिनांक 01.04.2024 का ओपनिंग बैलेंस टैली सॉफ्टवेयर में अंतरण करें। उपरोक्तानुसार कार्यवाही 31 जनवरी, 2025 तक अनिवार्य रूप से कर ली जावे।

(कुमार पुरुषोत्तम)
प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
O/C भोपाल

क्र./बोर्ड/लेखा/बी-3/टैली सॉफ्ट./24-25/2664 भोपाल, दिनांक 09/12/2024

प्रतिलिपि :-

संयुक्त/उप संचालक, म.प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय समस्त .... की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
O/C भोपाल